# लखनऊ टेक्सटाइल पार्क के लिए स्टांप शुल्क में छूट

**मंजूरी**

लखनऊ,विशेष संवाददाता। लखनऊ -हरदोई में प्रस्तावित पीएम मेगा एकीकृत टेक्सटाइल पार्क परियोजना के लिए जमीन 99 साल की लीज पर दी जाएगी और इस पर देय स्टांप शुल्क से छूट दी जाएगी। यदि भविष्य में कुछ और जमीन राज्य पार्क को देगी तो उस पर भी देय स्टांप शुल्क में पूरी छूट होगी।

कैबिनेट ने मंगलवार को हथकरघा विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। प्रदेश में प्रस्तावित पार्क के लिए स्पेशल पर्जज वेहिकल (एसपीवी) को जमीन एक एक रुपये प्रति एकड़ प्रति वर्ष प्रतीकात्मक लीज रेंट पर 99 साल के लिए दी जाएगी।

एसपीवी के लिए निदेशक मंडल बनेगा। इसमें तीन राज्य सरकार के, तीन केंद्र के व दो स्वतंत्र निदेशक होंगे। राज्य सरकार की ओर से अपर मुख्य सचिव हथकरघा व वस्त्रोद्योग, आयुक्त हथकरघा व अपर मुख्य सचिव वित्त निदेशक मंडल में होंगे।